## यादवेंद्र सिंह के भाजपा में आने से खफा हैं विधायक

# नाराज नागेंद्र सिंह को मनाने देर रात उनके घर पहुंचे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बीडी शर्मा

**सतना।** एक ओर लोकसभा चुनाव और दूसरी ओर नेताओं की नाराजगी राजनीति में और गर्माहट घोल रही है। भारतीय जनता पार्टी के नागौद के विधायक और पूर्व मंत्री नागेन्द्र सिंह इन दिनों पार्टी से नाराज चल रहे हैं। राजनीतिक सूत्र बताते हैं कि कांग्रेस के नेता और पूर्व विधायक यादवेंद्र सिंह के भारतीय जनता पार्टी में आ जाने से वह खासे खफा हैं। हालांकि नागेंद्र सिंह ने अपनी नाराजगी खुलकर व्यक्ति नहीं की है लेकिन उन्होंने लोकसभा चुनाव से अपने आप को दूर कर रखा है। इसीलिए उन्हें मनाने के लिए पिछली रात भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बीडी शर्मा उनके नागौद स्थित निवास पहुंचे थे। बंद कमरे में काफी देर तक बातचीत हुई उसके बाद प्रदेश अध्यक्ष चले गए। बातचीत क्या हुई यह तो पता नहीं चला लेकिन जाने के बाद नागेंद्र सिंह का कोई बयान भी सार्वजनिक रूप से सामने नहीं आया है। उल्लेखनीय की पिछले दिनों देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह नागौद आए थे उनकी चुनावी सभा हुई थी लेकिन कार्यक्रम में नागौद के विधायक नागेंद्र सिंह शामिल नहीं थे। गौरतलब है कि नागेंद्र सिंह लगभग 6 मर्तबा विधायक रह चुके हैं और एक बार सांसद भी रह चुके हैं। वे मध्य प्रदेश शासन में मंत्री भी रहे हैं। क्षेत्र में उनका अच्छा खासा प्रभाव भी है। उनकी नाराजगी को लेकर के भारतीय जनता पार्टी चिंतित है।

### नागौद में तेज हुई सियासत

नागौद में नागेंद्र सिंह द्वारा लोकसभा चुनाव से अपने आप को दूर रखे जाने को लेकर के सियासत काफी तेज हो गई है। चर्चा इसलिए भी तेज हुई है क्योंकि उन्हें मनाने के लिए प्रदेश अध्यक्ष पहुंचे थे। इस मामले में पार्टी के सूत्र कुछ ज्यादा बोलने से भी कतरा रहे हैं।

### पूर्व मुख्यमंत्री का भी कार्यक्रम

भारतीय जनता पार्टी नागौद क्षेत्र में ज्यादा ध्यान दे रही है। राजनाथ सिंह के दौरे के बाद मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का भी कार्यक्रम संपन्न हुआ है। उनके अलावा भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा भी सतना पहुंचने वाले हैं। आपको बता दें कि बड़ी संख्या में सतना जिले से कांग्रेस नेताओं ने कांग्रेस पार्टी छोड़कर भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ले ली है जिसको लेकर भारतीय जनता पार्टी में खासी खलबली मची हुई है।



## खबर संक्षेप

### नहीं मिला नोटिस का समाधानकारक जवाब, एक सप्ताह के मानदेय की हुई कटौती

**सतना।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में चुनाव ड्यूटी से मुक्त रहने सतना और रीवा जिले के कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को भ्रामक जानकारी देकर गुमराह करने वाले लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के जिला समन्वयक विनय शंकर मिश्रा और पुष्पेंद्र कुमार निगम की अप्रैल माह के एक-एक सप्ताह के मानदेय में कटौती की गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा द्वारा जारी आदेश में कहा गया है जिला समन्वयक विनय शंकर मिश्रा और पुष्पेंद्र कुमार निगम द्वारा चुनाव ड्यूटी से मुक्त रहने के लिये जिला निर्वाचन कार्यालय सतना और रीवा को भ्रामक जानकारी प्रस्तुत की गई थी। जिसके फलस्वरुप श्री मिश्रा और श्री निगम को कारण बताओ नोटिस जारी कर समाधानकारक जवाब चाहा गया था। संविदा कर्मी जिला समन्वयक विनय शंकर मिश्रा और पुष्पेंद्र कुमार निगम द्वारा नोटिस का दिया गया जवाब समाधानकारक नहीं है। दोनो संविदा कर्मचारियों के अप्रैल माह में एक-एक सप्ताह के मानदेय में कटौती किये जाने के आदेश दिये गये हैं।

### महावीर जन्म कल्याणक रथयात्रा आज

**सतना।** जैन धर्मावलम्बियों के 24वें तीर्थकर भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक पर आज प्रातः 9 बजे से श्री श्वेताम्बर जैन संघ ट्रस्ट द्वारा प्रभु की रथयात्रा निकाली जाएगी। श्री आदिनाथ जिनालय गांधी चौक से यह रथयात्रा प्रारम्भ होगी।इस वर्ष विशेष खुशी और आनन्द का अवसर यह है कि पूज्य गच्छाधिपति आचार्य विजय अभयदेव सुरीश्वर महाराजा,पूज्य आचार्य विजय मोक्षरत्न सुरीश्वर जी महाराजा एवं साधु-साध्वी भगवंत की उपस्थिति का आशीर्वाद भी श्री संघ को प्राप्त होगा। रथयात्रा श्री आदिनाथ जिनालय से गौशाला चौक,अग्रसेन चौक,बिहारी चौक,पन्नीलाल चौक,पुराना पावर हाउस चौक होते हुए वापस श्री आदिनाथ जिनालय में पूर्ण होगी। शनिवार को नवपद की ओली पर प्रवचन देते हुए आचार्य श्री ने बताया कि नवपद की ओली का छठवां दिवस विशेष महत्व का है। क्योंकि इस दिन 'सम्यक दर्शन' के महत्व का वर्णन किया गया है। 'सम्यक दर्शन' अर्थात साधना की शुरूआत। खुद के द्वारा की गई भूल का पश्चाताप करने पर सम्यक दर्शन को प्राप्त किया जा सकता हैं। श्री संघ द्वारा बताया गया कि पंचकल्याणक एवं अंजन शलाका महामहोत्सव को यादगार बना देने वाले मीडिया के बन्धुओं का सम्मान भी रविवार 21 अप्रैल को रथयात्रा उपरान्त उपाश्रय जी (श्री आदिनाथ जिनालय) में आचार्य श्री की उपस्थिति में किया जाएगा।

### महावीर जयंती पर नगरीय क्षेत्र में मांस की बिक्री पर रहेगा प्रतिबंध

**सतना।** प्रदेश में 21 अप्रैल,2024 रविवार महावीर जयंती के मौके पर नगरीय क्षेत्र में संचालित मांस की दुकानें और पशुवध गृह बंद रहेंगे। इस संबंध में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने जिला कलेक्टर्स को निर्देश जारी किये हैं।

### मतदान दिवस पर सभी न्यायालयों के लिये अवकाश घोषित

**सतना।** लोकसभा निर्वाचन 2024 की मतदान तिथि 26 अप्रैल को न्यायालीयन अधिकारियों-कर्मचारियों को मतदान करने के लिये माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर द्वारा सभी न्यायालयों के लिये सामान्य/सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है।



# पोस्टल बैलेट से प्राधिकृत पत्रकारों ने किया मतदान

## भारत निर्वाचन आयोग के पहल की हुई सराहना

**सतना।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अब मतदान दिवस के कवरेज में शामिल प्राधिकृत पत्रकारों को भी पोस्टल बैलेट से वोट डालने की सुविधा प्रदान की गई है। आयोग ने अधिसूचना जारी कर पत्रकारों के कार्य को अत्यावश्यक सेवा श्रेणी में स्थान देकर यह सुविधा प्रदान की है। यह सुविधा केवल उन पत्रकारों को मिलेगी,जिन्हें निर्वाचन कार्य के कवरेज हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्राधिकार पत्र जारी किया गया हो। सतना संसदीय क्षेत्र के पत्रकारों द्वारा भारत निर्वाचन आयोग के प्रयासों की सराहना की गई तथा आयोग द्वारा जारी निर्देशों एवं प्रक्रियाओं का पालन करते हुए 33 प्राधिकृत पत्रकारों ने इस सुविधा का लाभ उठाया।शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धवारी सतना में पोस्टल बैलेट से मतदान की सुविधा उपलब्ध कराई गई थी।जहाँ उन्होंने संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 9-सतना के लिए उत्साह के साथ अपने मताधिकार का उपयोग किया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा ने भी पोस्टल बैलेट मतदान केंद्र का निरीक्षण और सभी पत्रकारों से 26 अप्रैल का होने वाले मतदान में मतदाताओं को प्रेरित करने की अपेक्षा की। उल्लेखनीय है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोक स्वास्थ्य,गृह( अग्निशमन सेवाएं),ऊर्जा विभाग के अमले सहित निर्वाचन कार्य में मतदान दिवस के कवरेज में संलग्न भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी प्राधिकार पत्रधारी पत्रकारों को अत्यावश्यक सेवा श्रेणी में अधिसूचित किया है।इसका आशय यह है कि सेवा में रत रहने की वजह से कोई भी मतदान करने से वंचित न रहे। आयोग की मंशा के अनुरूप अधिसूचित सेवाओं के व्यक्ति पोस्टल बैलेट से मतदान कर सकेंगे।



### 94 मतदाताओं ने किया पोस्टल मतदान

लोकसभा निर्वाचन 2024 में सतना संसदीय क्षेत्र के निर्वाचन में अनिवार्य सेवा के 94 कार्मिक मतदाताओं ने पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान किया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा के निर्देशन में 20 से 22 अप्रैल तक शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धवारी सतना के कक्ष क्रमांक 23 में अनिवार्य सेवा के कार्मिक मतदाताओं के लिए विशेष बूथ बनाया गया है।यहां प्रथम दिवस 20 अप्रैल को अनिवार्य सेवा में संलग्न विभिन्न विभागों के 61 और 33 प्राधिकृत पत्रकारों ने डाकमत पत्र से मतदान किया। इनमें मध्यप्रदेश विद्युत वितरण कंपनी के 31,स्वास्थ्य विभाग के 13,अग्निशमन सेवा के 17 और प्राधिकृत मीडिया के 33 मतदाताओं ने अपना मतदान किया। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अनिवार्य सेवा के कार्मिकों को पोस्टल मतदान की सुविधा के अंतर्गत फॉर्म 12'डी' भरकर मध्यप्रदेश विद्युत वितरण कंपनी के 46,स्वास्थ्य के 35,अग्निशमन सेवा के 21 और प्राधिकृत मीडिया के 36 मतदाताओं ने पोस्टल बैलेट से मतदान करने की सहमति जताई थी। सहायक नोडल अधिकारी विष्णु त्रिपाठी ने बताया कि अनिवार्य सेवा के शेष 45 कार्मिक मतदाता 21 अप्रैल को शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धवारी सतना के कक्ष क्रमांक 23 में प्रातः 9 बजे से शाम 5 बजे तक पोस्टल बैलेट से अपना मतदान कर सकते हैं।

## प्रिज़्म जॉनसन के कालोनी परिसर में स्थापित मॉ दुर्गा का धूमधाम से किया गया विर्सजन



**सतना।** प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड में चैत्र नवरात्रि के अवसर पर कालोनी स्थित शिव मंदिर में मॉ दुर्गा की स्थापना धूमधाम से की गई थी।नौ दिन तक चले चैत्र नवरात्रि के उपरांत मॉ दुर्गा का विर्सजन टमस नदी के तट पर स्थित (शिव मंदिर) जबला बाबा धाम में बडे. हर्षोल्लास से किया गया। मॉ दुर्गा के विर्सजन कार्यक्रम से पहले विधिवत पूजा अर्चना की गई। मुख्य यजमान मनीष कुमार सिन्हा सीनियर वाइस प्रेसीडेंट एच आर एम एंड कार्पोरेट अफेयर्स ने सभी कालोनी वासियों को चैत्र नवरात्रि की शुभकामनायें देते हुए सबके लिए सुख शांति एवं कंपनी के उत्तरोत्र विकास के साथ ही प्रतिमा विर्सजन के समय शांति एवं सौहार्द बनाये रखने की अपील की। विर्सजन समारोह के शुभ अवसर पर मनीष कुमार सिन्हा सीनियर वाइस प्रेसीडेंट एचआरएम एंड कार्पोरेट अफेयर्स, अनुज भूतरा असिस्टेंट वाइस प्रेसीडेंट एचआर, राजेश कुमार, रंजन वर्मा, देवेन्द्र मिश्रा के साथ-साथ काफी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी एवं कालोनीवासी उपस्थित रहे।

## मतदाता जागरुकता के लिए आयोजित किया गया सतना इलेक्शन प्रीमियर लीग



**सतना।** लोकसभा निर्वाचन-2024 स्वीप गतिविधियों के लिए शासकीय स्वाशासी स्नातकोत्तर महा विद्यालय के परिसर में क्रिकेट खेल की इलेक्शन प्रीमियर लीग सतना का शुभारंभ किया गया। जिसमें आयुक्त नगर पालिक निगम उपायुक्त एवं क्रीड़ाधिकारी के साथ-साथ अन्य अधिकारी और कर्मचारी भी उपस्थित रहे। शनिवार को दो नॉकआउट मैच खेले गये पहला मैच सुबह 7 बजे से विन्ध्या इलेवन और व्हाइट टाइगर इलेवन के बीच खेला गया जिसमें विन्ध्या इलेवन ने टॉस जीतकर पहले वैटिंग करते हुए निर्धारित 15 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 130 रन बनाये,जिसके जवाब में व्हाइट टाइगर इलेवन द्वारा मात्र 14 ओवर में ही 6 विकेट से जीत हासिल की। द्वितीय मैच सायः 05 बजे से फर्स्ट टाइम वोटर इलेवन और भरहुत इलेवन के बीच खेला गया जिसमें फर्स्ट टाइम वोटर इलेवन ने टॉस जीतकर पहले वेटिंग करते हुए निर्धारित 10ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर 151 रन बनाये,जिसके जवाब में भरहुत इलेवन निर्धारित 10 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर मात्र 88 रन ही बना सकी और फर्स्ट टाइम वोटर इलेवन ने मैच में 63 रनों से जीत हासिल की। रविवार को सुबह 7 बजे से व्हाइट टाइगर इलेवन और फर्स्ट टाइम वोटर इलेवन के बीच उक्त स्थान पर फाइनल मैच खेला जायेगा। फाइनल मैच में जिला निर्वाचन अधिकारी,उप जिला निर्वाचन अधिकारी,आयुक्त नगर पालिक निगम सतना और उपायुक्त नगर पालिक निगम सतना के साथ ही अन्य कर्मचारी अधिकारी की उपस्थिति अपेक्षित है।

### रोटरी क्लब ने जरूरतमंद महिलाओं को सिलाई मशीन दी

**सतना।** अंतरराष्ट्रीय समाजसेवी संस्था रोटरी क्लब द्वारा महिलाओं को सिलाई मशीन दी गई। रोटरी क्लब के सचिव हरिओम गुप्ता ने बताया की रोटरी क्लब 3120 के डिस्ट्रिक गवर्नर अनिल अग्रवाल के सहयोग से गरीब असहाय महिलाओं (जिनको सिलाई कढ़ाई आती है) को स्वावलंबी बनाने एवं रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आज पन्नीलाल चौक स्थित सरस्वती भवन में कार्यक्रम आयोजित कर निःशुल्क सिलाई मशीन भेंट की,ताकि जरूरतमंद महिलाएं अपने घर का गुजर बसर कर अपने बच्चों का पालन पोषण कर सकें। आज श्रीमती कोमल साकेत,सुशीला पटेल,खुशबू नागदेव एवं कुसुम कली गुप्ता को पैरदान सहित ब्रांडेड कंपनी की सिलाई मशीन दी गई। सिलाई मशीन पाकर मातृशक्ति बहुत भावुक हो गई उनके आंखों में खुशी के आंसू थे रोटरी क्लब मानवता की सेवा में सबसे आगे रहता है। रोटरी क्लब के सचिव हरिओम गुप्ता,पूर्व अध्यक्ष कमल पुरुषवाणी,लखन केशरवानी,डॉक्टर रजनीश जैसवाल,मनोहर डिगवानी,गोपाल धूत,सुशील शर्मा,शरद पांडे,जितेंद्र जैन,राजीव गर्ग सहित काफी संख्या में रोटेरियन साथी उपस्थित रहीं।

## मतदान करने वाले व्यक्तियों को फूड रेंस्टारेंट में मिलेगी 10 प्रतिशत की छूट

**सतना।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदान प्रतिशत बढ़ाने और मतदाताओं को प्रोत्साहित करने सतना संसदीय क्षेत्र में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा के निर्देशन में स्वीप गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। साथ ही अनेक प्रकार के नवाचार भी किये जा रहे हैं। इसी नवाचार के तहत आयुक्त नगर निगम शेर सिंह मीना की पहल पर सतना शहर के फूड रेस्टारेंट प्रतिष्ठानों के संचालकों ने मतदान दिवस पर मतदाताओं द्वारा




मतदान करने पर अंगुली में लगी अमिट स्याही दिखाने पर कुल बिल पर 10 प्रतिशत की छूट देने का निर्णय लिया गया है। इस छूट का लाभ सतना शहर के ओम रिसार्ट,होटल स्पार्क,होटल यूएसए,येलो चिली,होटल रिवर इन,माहेश्वरी भोज,होटल अभिनंदन,माहेश्वरी फास्ट फूड और वीनस फास्ट फेड राजेंद्र नगर में लिया जा सकता है। ब्रेकफास्ट,फास्ट फूड,लंच और डिनर पर दी जा रही। यह छूट केवल मतदान की तिथि 26 अप्रैल 2024 को ही मिलेगी।

## एकेएस और सीखो ने आयोजित की बिजनेस मॉडल प्रतियोगिता



**सतना।** एमबीए,के स्टूडेंट्स के लिए एकेएस यूनिवर्सिटी और सीखो ने साथ मिलकर बिजनेस मॉडल प्रतियोगिता कराई। जिसमें स्टूडेंट्स द्वारा 4 मॉडल बनाए। प्रतियोगिता का उद्देश्य बताते हुए फैकल्टी डॉ.चंदन ने बताया की स्टूडेंट्स के अंदर व्यावहारिक ज्ञान को बढ़ाना,बिजनेस बनाना और पढ़ाई को वास्तविकता में जोड़ना था। 4 ग्रुप में स्टूडेंट्स ने अलग-अलग मॉडल बनाए,जिसमें सीमेंट प्लांट,कॉटन प्लांट,ईयरफोन बनाने का प्लांट और चिप्स का प्लांट शामिल थे। स्टूडेंट्स ने मुरासोली मारन,डॉ.चंदन सिंह और आशुतोष सिंह के मार्गदर्शन में प्रोजेक्ट बनाया और प्रस्तुत किया। प्रेजेंटेशन के दौरान डॉ.हर्षवर्धन,डॉ चंदन सिंह,डॉ धीरेन्द्र ओझा,डॉ.सीमा द्विवेदी,शीनू शुक्ला,डॉ.एल.एन.शर्मा,आशुतोष सिंह और डॉ कौशिक मुखर्जी उपस्थित रहे।

### 24 अप्रैल का शाम 6 बजे थम जायेगा चुनावी प्रचार

**सतना।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र सतना के लिए 26 अप्रैल 2024 को मतदान कराया जाएगा। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 126 के अंतर्गत मतदान की समाप्ति के लिए नियत किए गए समय के साथ समाप्त होने वाले 48 घण्टे पूर्व से सार्वजनिक सभाओं पर प्रतिबंध रहेगा। यह अवधि 24 अप्रैल को शाम 6 बजे से प्रारंभ होकर 26 अप्रैल को शाम 6 बजे समाप्त होगी। इस अवधि में कोई भी व्यक्ति मतदान क्षेत्र में किसी निर्वाचन के लिए कोई भी सार्वजनिक सभा या जूलूस आयोजित नहीं करेगा। सिनेमा घर,केबल नेटवर्क, टेलीवीजन या अन्य साधनों द्वारा जनता के समक्ष किसी निर्वाचन संबंधी बात का प्रकाशन प्रचार-प्रसार नहीं करेगा। इस अवधि में नुक्कड़ नाटक,संगीत सभा या अन्य मनोरंजनात्मक कार्यक्रमों से भी चुनाव प्रचार अथवा मतदाता को प्रभावित करने का प्रयास पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। इसका उल्लंघन करने पर प्रकरण दर्ज कर दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी।

# पन्ना पुलिस ने बस से बैग चोरी करने वाले 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

## आरोपियों के कब्जे से चोरी किया गया मशरूका 4 लाख 32 रूपये नगद, घटना में प्रयुक्त 3 मोटर साइकिल एवं आरोपियों द्वारा उपयोग किये जा रहे 6 मोबाइल कुल मशरूका कीमती करीब 7 लाख 2 हजार रूपये का जप्त





**पन्ना।** थाना कोतवाली पन्ना में दिनांक 17/04/24 को फरियादी अशोक शर्मा पिता जीवनलाल शर्मा उम्र 55 वर्ष निवासी जीपी कान्वेंट स्कूल के पास त्यागी नगर मुरार ग्वालियर द्वारा थाना कोतवाली पन्ना में रिपोर्ट की गई कि मैं ग्वालियर में पेंट बनाने वाली कंपनी जय पेंटस - वार्निस प्राइवेट लिमिटेड में सेल्समैन का काम करता हूँ । मैं आज दिनांक को बस से कंपनी के लेनदेन के संबंध में अमानगंज जा रहा था । मैने बस की रैक में अपना ट्रॉली बैग रख दिया था। उक्त ट्राली बैग में मेरे स्वयं एवं कंपनी की लेनदेन की राशि कुल नगदी करीब 4 लाख 60 हजार रूपये, कागजात,कपड़े तथा अन्य सामान रखा था। डायमंड तिराहा के पास पन्ना से कोई अज्ञात व्यक्ति मेरा ट्रॉली बैग चोरी कर ले गया है। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना कोतवाली पन्ना में अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध अप.क्र. 465/24 धारा 379 भादवि का कायम किया जाकर विवेचना में लिया गया। थाना प्रभारी कोतवाली पन्ना निरीक्षक रोहित मिश्रा द्वारा मामले के संबंध में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को सूचना दी गई। उप पुलिस महानिरीक्षक छतरपुर रेन्ज छतरपुर ललित शाक्यवार एवं पुलिस अधीक्षक पन्ना साईं.कृष्णा एस. थोटा द्वारा मामले को गंभीरता से लिया गया। मामले में अज्ञात आरोपियों की तलाश पतारसी एवं चोरी की गई राशि को वापस करवाये जाने हेतु उप पुलिस महानिरीक्षक छतरपुर रेन्ज छतरपुर एवं पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती आरती सिंह व अनुविभागीय अधिकारी पुलिस पन्ना श्री एस. पी.सिंह बघेल के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी कोतवाली पन्ना निरीक्षक रोहित मिश्रा के नेतृत्व में एक पुलिस टीम का गठन किया गया। पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा पुलिस सायबर सेल टीम पन्ना एवं सी.सी.टी.व्ही. कन्ट्रोल रूम पन्ना को गठित पुलिस टीम के साथ मिलकर कार्यवाही में अज्ञात आरोपियो की तलाश पतारसी करने हेतु शामिल किया गया। गठित पुलिस टीम द्वारा कस्बा में लगे सी.सी.टी.व्ही. फुटेजो को खंगाला गया। मामले में घटना स्थल डायमण्ड तिराहा के आसपास के सी.सी.टी. व्ही. फुटेज में कुछ संदेही व्यक्तियों को चिन्हित किया जाकर पुलिस टीम द्वारा उक्त संदेहियों के संबंध में जानकारी एकत्रित की गई। मामले में पुलिस सायबर सेल टीम पन्ना से मिली जानकारी एवं मुखबिर सूचना के आधार पर गठित पुलिस टीम द्वारा 02 संदेही व्यक्तियों को छतरपुर बस स्टैण्ड के पास से पुलिस अभिरक्षा में लिया गया। पुलिस टीम द्वारा पूंछताछ किये जाने पर उक्त व्यक्तियों द्वारा बताया गया कि घटना दिनांक को हम दोनो लोग अपने 4 अन्य साथियों के साथ 03 मोटर साइकिलों से पन्ना गये थे। पन्ना बस स्टैण्ड में हम लोगो ने एक व्यक्ति को ट्रॉली बैग लिये देखा था जिसमें ताला लगा था। उक्त ट्रॉली बैग में कीमती सामान होने की संभावना होने पर हम सभी लोगो ने चोरी करने की योजना बनाई थी। योजना अनुसार हम दोनो लोग उस व्यक्ति के साथ बस में बैठ गये। डायमण्ड तिराहा पन्ना में हम लोगो ने मौका पाकर उक्त ट्रॉली बैग बस से उतार लिया और बस के पीछे पीछे आ रहे अपने साथियों के साथ मोटरसाइकिल में बैठकर छतरपुर आ गये। पुलिस टीम द्वारा उक्त आरोपियों के बताये अनुसार मामले के अन्य 4 आरोपियों को पुलिस अभिरक्षा में लिया जाकर घटना की तस्दीक की गई। उक्त सभी आरोपियों द्वारा घटना में शामिल होना स्वीकार किया गया। पुलिस टीम द्वारा उक्त आरोपियों के बताये अनुसार आरोपियों के कब्जे से चोरी किया गया मशरूका ट्रॉली बैग सहित 4 लाख 32 रूपये नगद, घटना में प्रयुक्त 03 मोटर साइकिल कीमती करीब 2 लाख 10 हजार रूपये एवं आरोपियों द्वारा उपयोग किये जा रहे 6 मोबाइल कीमती करीब 60 हजार रूपये कुल मशरूका कीमती करीब 7 लाख 2 हजार रूपये का जप्त किया जाकर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। मामले में विवेचना जारी है।

**जप्त सामग्री** – आरोपियों के कब्जे से चोरी किया गया मशरूका ट्रॉली बैग सहित 4 लाख 32 रूपये नगद, घटना में प्रयुक्त 03 मोटर साइकिल कीमती करीब 2 लाख 10 हजार रूपये एवं आरोपियों द्वारा उपयोग किये जा रहे 6 मोबाइल कीमती करीब 60 हजार रूपये कुल मशरूका कीमती करीब 7 लाख 2 हजार रूपये का जप्त किया।

**गिरफ्तार आरोपी** –

गौरीशंकर निषाद पिता हुबराज निषाद उम्र 58 वर्ष निवासी शिवतारा थाना आलापुर अम्बेडकर नगर उ.प्र., दिनेश यादव पिता चन्द्रिका यादव उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम जोल्हापुर उ.प्र., राधे कुमार शाह पिता श्री बलराम शाह उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम मढहरा थाना बैढ़न जिला सिंगरौली मध्य प्रदेश, दिलीप निषाद पिता रामचंद्र निषाद उम्र 25 वर्ष निवासी कमईपुर थाना आलापुर जिला अंबेडकर नगर उत्तर प्रदेश, मिठाई निषाद पिता सुरेश निषाद उम्र 44 साल निवासी ग्राम सेरवा थाना अतरैलिया जिला आजमगढ़ उत्तर प्रदेश, जुल्मी निषाद पिता बहाउ निषाद उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम असाधार पट्टी थाना गंधारपुर जिला आजमगढ़ उत्तर प्रदेश।

### सराहनीय योगदान-

उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली पन्ना निरीक्षक रोहित मिश्रा, प्रभारी सायबर सेल उनि अनिल सिंह राजपूत, सिविल चौकी प्रभारी उनि शक्ति प्रकाश पाण्डेय, सउनि रामकृष्ण पाण्डेय, मान सिंह, पुलिस सायबर सेल टीम पन्ना से प्र.आर. नीरज रैकवार, राहुल सिंह बघेल, आशीषअवस्थी, आर. धर्मेन्द्र सिंह राजावत, राहुल पाण्डेय, पुलिस टीम में शामिल थाना कोतवाली से प्र.आर. बृषकेतु रावत, अरूण तिवारी, वीरेन्द्र कुमार, आर. घनश्याम पटेल, अभिषेक यादव, रामगोपाल शुक्ला, योगेन्द्र, संदीप पटेल, बेटालाल पटेल, बबलू पटेल, प्र.आर. चालक रवि खरे, मुन्ना लाल एवं पुलिस सी.सी. टी.व्ही. कन्ट्रोल रूम पन्ना से कुलदीप शुक्ला एवं विपिन पाण्डेय का सराहनीय योगदान रहा । पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा उक्त पुलिस टीम को 20 हजार रूपये के ईनाम से पुरुस्कृत किये जाने की घोषणा की गई है।

## खबर संक्षेप

### ससुराल आया युवक नशे की हालत में बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल

**पन्ना।** पन्ना जिले की सीमा से सटे गांव उत्तर प्रदेश के कालिंजर थाना अंतर्गत ग्राम गड्डिहा निवासी जगदीश कोंदर अपनी ससुराल अजयगढ़ आया हुआ था जहां अत्यधिक नशे की हालत में बाइक चलाते समय वह बाइक सहित सड़क में गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे ससुराल के लोगों के द्वारा गंभीर हालत में अजयगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां से गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टर के द्वारा प्राथमिक उपचार उपरांत जिला चिकित्सालय पन्ना रेफर कर दिया गया है जहां इलाज जारी है। बताया गया है कि जगदीश कोंदर के सर एवं कंधे में गंभीर चोट आई है चेहरे में भी चोट बताई जा रही है जिससे उसकी हालत गंभीर है एवं जिला अस्पताल पन्ना में इलाज चल रहा है।

### महावीर जयंती पर आज नगरीय क्षेत्र में मांस की बिक्री पर रहेगा प्रतिबंध

**पन्ना।** आगामी रविवार, 21 अप्रैल को महावीर जयंती के मौके पर नगरीय क्षेत्र में संचालित मांस की दुकानें और पशुवध गृह बंद रहेंगे। इस संबंध में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने जिला कलेक्टर्स को निर्देश जारी किये हैं।

### रिपोर्ट प्रेषित करने के लिए दल गठित

**पन्ना।** जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत मतदान दिवस को ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपीएटी से संबंधित सात तरह की रिपोर्ट व निर्धारित फॉर्मेट में जानकारी संकलित करने के उपरांत प्रस्तुत करने के लिए दल का गठन किया गया है। इसके लिए सहायक यंत्री धीरज चौधरी को जिला प्रभारी का दायित्व सौंपा गया है, जबकि विधानसभावार पवई के लिए उपयंत्री श्यामदत्त पाठक, गुनौर के लिए श्रीकांत उपाध्याय और पन्ना के लिए प्रकाश चतुर्वेदी को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### 216 अतिथि शिक्षकों को सौंपा विशेष पुलिस अधिकारी का दायित्व

**पन्ना।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट सुरेश कुमार ने पुलिस अधीक्षक के प्रतिवेदन पर लोकसभा निर्वाचन में मतदान स्थल एवं अन्य ड्यूटी के लिए 216 अतिथि शिक्षकों को विशेष पुलिस अधिकारी (एसपीओ) नियुक्त किया है। पुलिस अधिनियम 1861 की धारा 17 (2) में निहित प्रावधान के तहत मतदान केन्द्रों और अन्य सुरक्षा ड्यूटियों के लिए नियुक्त एसपीओ को 25 से 27 अप्रैल तक के लिए उक्त दायित्व सौंपा गया है। जिला शिक्षा अधिकारी को 20 अप्रैल को सुबह 11 बजे से पुलिस लाइन पन्ना में आयोजित प्रशिक्षण में संबंधित अतिथि शिक्षकों की उपस्थिति दर्ज कराने के संबंध में निर्देशित किया गया है।

### तीन अपराधियों को किया जिला बदर

**दमोह।** मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार कोचर ने आपराधिक गतिविधियों पर तत्काल प्रभाव से नियंत्रण करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी के प्रतिवेदन पर म.प्र. राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत 03 अपराधियों पर जिला बदर की कार्यवाही की है। जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी आदेशानुसार अनावेदक राजेश सींग लोधी पिता काशीराम सींग लोधी निवासी ग्राम खैजरा खुर्द थाना हटा, अज्जू उर्फ अजित पिता दरवारी अहिरवार निवासी ग्राम बकायन थाना बटियागढ़ एवं हल्ले ऊर्फ रामकिशुन पिता मोहन यादव निवासी थाना बटियागढ़ को दमोह जिले की भौगोलिक सीमाओं से आगामी 03 माह अर्थात 90 दिवस की कालावधि के लिये निष्कासित (जिला बदर) कर दिया है। तथा आदेशित किया है कि अनावेदक आदेश की प्राप्ति से 24 घंटे के अंदर दमोह जिले की सीमाओं से बाहर चले जायें एवं अपने आचरण में सुधार करें। जिला बदर की अवधि में अनावेदक को केवल उनके विरूद्ध चल रहे न्यायालयीन प्रकरणों में पेशी दिनांक को उपस्थिति हेतु छूट रहेगी, परंतु इसके पूर्व अनावेदक संबंधित थाना प्रभारी को लिखित में सूचना देनी होगी तथा न्यायालय में पेशी होने के तुरंत पश्चात वह इस आदेश का पालन सुनिश्चित करेगा।

# छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वारा मतदाता जागरूकता रैली




**पन्ना।** छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पन्ना के प्राचार्य डॉक्टर एसपीएस परमार के संरक्षण एवं डॉ पी पी मिश्रा डॉक्टर जेके वर्मा के निर्देशन तथा स्वीप कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉक्टर कविता परवंदा सदस्य डॉक्टर गुलाब धर एवं डॉ पियूषा शर्मा के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन दिनांक 20 4.2024 को किया गया मतदाता जागरूकता रैली में छात्र-छात्राओं ने बढ़-कर कर भाग लिया इस मतदाता रैली में डॉक्टर सचिन गोयल डॉ. बी.एन. जयसवाल डॉक्टर नंद कुमार पटेल डॉक्टर आनंद चौरसिया एवं महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बड़े उत्साह पूर्वक सहभागिता की।

# डीजे बजाने के विवाद में पिता पुत्र की लाठी डंडों से पिटाई

## गंभीर हालत में घायल पिता पुत्र जिला अस्पताल पन्ना में भर्ती

**पन्ना।** कोतवाली थाना पन्ना एवं ककरहटी चौकी अंतर्गत ग्राम चोपड़ा में धार्मिक त्योहार के अवसर पर डीजे बजाने की बात पर पिता पुत्र की कुछ दबंगों के द्वारा लाठी डंडों से जमकर पिटाई करने का मामला सामने आया है। गंभीर रूप से घायल पिता पुत्र को जिला अस्पताल पन्ना में भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार हेतराम आदिवासी धार्मिक कार्य में शामिल होने गया था जहां डीजे बज रहा था कुछ लोग उसके साथ गाली-गलौच करने लगे जिसका विरोध करने पर चार-पांच लोग और आ गए और मारपीट करने लगे बीच बचाव करने पर हेतराम के पिता के साथ भी लाठी डंडों से मारपीट की गई, जिसमें दोनों को सिर हाथ पैर एवं पीठ में गंभीर चोटें आई हैं और दोनों का इलाज जिला अस्पताल पन्ना में जारी है।

# होमगार्ड सैनिक को कारण बताओ नोटिस जारी

**पन्ना।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुरेश कुमार ने लोकसभा निर्वाचन दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही पर होमगार्ड सैनिक राममूर्ति शर्मा को कारण बताओ नोटिस जारी कर पत्र प्राप्ति के 24 घंटे के भीतर समाधानकारक जवाब चाहा है। होमगार्ड सैनिक द्वारा गत दिवस प्रथम भ्रमण की होम वोटिंग की ड्यूटी में लापरवाही बरती गई। सेक्टर अधिकारी एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री महेन्द्र सिंह के साथ होमगार्ड सैनिक की ड्यूटी निर्धारित की गई थी, लेकिन सुबह 9.30 बजे तक उपस्थित नहीं होने और मोबाइल पर संपर्क करने के बावजूद संपर्क नहीं होने तथा अत्यधिक विलंब से ड्यूटी स्थल पर उपस्थित होकर सेक्टर अधिकारी से अभद्रता की गई। इस स्थिति पर दूसरे होमगार्ड सैनिक प्रताप सिंह ठाकुर के साथ सेक्टर अधिकारी द्वारा चुनाव ड्यूटी का निर्वहन किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा होमगार्ड सैनिक राममूर्ति शर्मा का उपरोक्त कृत्य होमगार्ड नियम 2016 की अनुशासन कंडिका 23 में निहित प्रावधानों का उल्लंघन पाए जाने पर नोटिस जारी किया गया है। समयावधि में कारण स्पष्ट नहीं करने पर कंडिका 24 में निहित प्रावधान अनुसार दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी।

# दूध समझकर किया हेयर डाई का सेवन, युवती की हालत गंभीर

## परिजनों ने जिला अस्पताल पन्ना में करवाया भर्ती

**पन्ना** कोतवाली अंतर्गत एनएमडीसी कॉलोनी में रहने वाली एक युवती ने दूध समझकर हेयर ड्राई का सेवन कर लिया जिससे उसकी हालत बिगड़ने लगी, जिसके बाद परिजनों के द्वारा युवती को जिला अस्पताल पन्ना में भर्ती करवाया गया, घटना के संबंध में बताया गया है कि रश्मि सोनकर प्रतिदिन की भांति जैसे ही स्नान के बाद घर के अंदर पहुंची तो उसने कप में रखी हेयर डाई के गोल को दूध समझकर पी लिया जिससे उसकी हालत बिगड़ने लगी परिजनों को पता चलते ही रश्मि को गंभीर हालत में जिला अस्पताल पन्ना में भर्ती करवाया गया है जहां इलाज जारी है।

# गुरु की महत्वता जीवन में अनुपम है: उमाशंकर शास्त्री

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार**

ग्राम बनवार बिबेकानंद परिसर मे चल रही संगीतमय भागवत कथा के दूसरे दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कथवाचक पंडित उमाशंकर शस्त्री ने गुरू की महत्वता बताते हुए कहा कि गुरू हमारे जीवन में अनुपम हैं, क्योंकि गुरु के बिना हम जीवन का सार ही नहीं समझ सकते हैं, लेकिन हमेशा इस बात का सदैव ही ध्यान रखना चाहिए कि गुरू के समक्ष चंचलता नहीं करनी चाहिए और सदा ही अल्पवासी होना चाहिए। जितनी आवश्यकता है उतना ही बोलें और जितना अधिक हो सके गुरु की वाणी का श्रवण करें। उन्होंने कहा कि गुरू चरणों की सेवा का अवसर मिलना परम सौभाग्य होता है, जो अनमोल है।मुझे भी ठाकुरजी की कृपा से गुरुसेवा का दायित्व मिला था, लेकिन उस समय सेवाभाव का ज्ञान नहीं था और अब जब ज्ञान की प्राप्ति हो चुकी है तो गुरु सेवा का अवसर नहीं है। इसलिए गुरु सेवा को समर्पित भाव से करना और उनका आदेश का पालन सदा

ही करना चाहिए। उन्होंने धार्मिक ग्रंथों में वर्णित अवतारों के बारे में बताया कि कहीं पर 24 तो कहीं पर दस अवतार की कथा बताई जाती है लेकिन अवतारों की संख्या की गणना संभव नहीं है, क्योंकि जितने भक्त होते हैं उतने ही अवतार होते हैं। प्रभु के अवतार प्रयोजन पर भी कहा गया कि यहां किसी राक्षस, दानव और अधर्मी का वध करने के लिए ही अवतरित नहीं होते हैं बल्कि अपने भक्तजनों पर कृपा बरसाने के आते हैं। रावण, कंस को मारने के लिए भगवान को अवतार लेने की जरूरत नहीं थी। उन्होंने कहा कि घर द्वार छोड़कर वन में चले जाने ही वैराग्य नहीं होता बल्कि अपने अंतःकरण की शुद्धता इसमें नितांत आवश्यक है।

# प्रशासन व पंचायत बनी अंजान, पटनातमोली ग्राम पंचायत के तालाब में अतिक्रमण पर नहीं लग रहा विराम






**पन्ना।** जल ही जीवन है यह नारा सदियों से लगाया जाता है। जल की उपयोगिता को लेकर ग्राम पंचायतों व गांवों में तालाबों के निर्माण कराये गये। हालात बदले अब तालाब की जमीन भी सुरक्षित नहीं। अतिक्रमणकारियों की चपेट में अस्तित्व विहीन करते हुए स्वयं के उपयोग में लोग मकान निर्माण कर रहे है। पंचायत अनभिग्य बन जाती है। यह दास्ता जिले की गुनौर तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत पटना तमोली की बनी हुई है। जहां गांवों से लगी हुई तलैया की जमीन जोकि सतत अतिक्रमणकारियों की चपेट में आ चुकी है। लोग अतिक्रमण करके पक्के मकान छत डालकर बाखूबी बना रहे है। पंचायत की सायद खुली छूट है। वहीं राजस्व प्रशासन व पुलिस प्रशासन की मिलीभगत भी इन अतिक्रमणकारियों के ऊपर बाखूबी कृपा के चलते ये हालात बने हुए है। विगत कई वर्षों से इस तालाब की जमीन को निजी मकान के रूप में बनाने का सिलसिला सतत जारी है। कई बार स्टे के रूप में कागज तहसील से जारी हो जाती है वहीं यह स्टे सायद मकान निर्माण के लिए पट्टे का काम करता है। ऐसे हालात देखने को मिलते है। कहने को नियम क्यों बनाये गये तालाबों की जमीन जब नक्से में खसरे में दर्ज रहती है तो फिर उस जमीन में अतिक्रमणकारियों क्या छूट रहती है। पंचायत तथा प्रशासन की मिलीभगत के चलते तालाब की जमीन निजी मकानों के निर्माण से सतत खत्म होती जा रही। बनते मकान व छत ढलने के बाद आशियाने के रूप में लोगों के द्वारा स्वयं अपने हित को लेकर शासकीय सम्पत्ति तालाब की जमीन का खुलेआम उपयोग।

## मकान बनाकर छत डालकर लोग बना रहे अपने आशियाने, आखिर पंचायत व प्रशासन क्या अतिक्रमण को लेकर दे रही खुली छूट

सार्वजनिक तालाब की भूमि जो शासकीय नक्से व खसरे में दर्ज रहती है पर प्रशासन व पंचायत की मिलीभगत के चलते अतिक्रमणकारियों द्वारा सतत पक्के मकान निर्माण करते हुए धड़ल्ले से छत डालकर अपने आशीयाने बनाये जा रहे है। आखिर कहां है कानून। कौन पालन करायेगा कानून का, शासकीय जमीन पर निजी आशीयाने की किसकी मेहरबानी से साफ जाहिर होता है पंचायत व प्रशासन की मिलीभगत के चलते गांवों में शासकीय तालाब की जमीन में अतिक्रमणकारियों के द्वारा पक्के मकान बनाकर छत ढालते हुए अपनी निजी सम्पत्ति के रूप में उपयोग में लाई जा रही है। अस्तित्व विहीन होते जा रहे तालाब आखिरकार कौन है जिम्मेदार। गुनौर के तहसील के एसडीएम रामनिवास चौधरी से तो आपका कहना है कि मैं अभी नया आया हूं इस संबंध में कोई आवेदन नहीं आया है। यानि की अतिक्रमणकारियों को रोकने के लिए साहब को आवेदन की जरूरत। इस हालात में कैसे बचेगी शासकीय जमीन यह तो जवाब ही बयां कर रहा। वहीं थाना प्रभारी सलेहा सरिता तिवारी से भी बात की गई तो आपका कहना है संबंधित जमीन में अतिक्रमण को लेकर स्थगन आदेश आदि के बारे में जानकारी चाही गई तो आपका कहना है कि चुनावी समय में मैं अभी कार्यक्रमों में लगी हुई हूं इस संबंध में जानकारी नहीं यानि की साफ जाहिर होता है कि चुनाव के समय में अतिक्रणकारियों के ऊपर यह बड़ी मेहरबानी बनी हुई है। प्रशासन की चुनाव के चलते अतिक्रमणकारी तालाब की जमीन में पक्के मकान बनाकर अपनी सम्पत्ति के रूप में उपयोग करने के लिए बेहतर समय मानते है। तभी तो यह निर्माण कार्य जारी है। तालाब की जमीन मे प्रशासन अंजान बना हुआ है पंचायत भी मेहरबान है कैसे बचे तालाब। जल ही जीवन के नारे का हो रहा खात्मा सार्वजनिक तालाब की जमीन अब कौन बचायेगा प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी अपनी व्यवस्थतता चुनाव को लेकर बताते हुए पल्ला झाड़ रहे है। पंचायत स्थानीय होने के कारण विरोध नहीं करना चाहती है हालात तालाब को सुरक्षित रख पाना अब आसान नहीं सतत तालाब की जमीन अतिक्रमणकारियों की चपेट के चलते पक्के मकान व छत ढलकर हो रही तब्दील जिम्मेदार बने बेखबर।

# बहला फुसला कर नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को 20 वर्ष का सश्रम कारावास



**छतरपुर।** बहला फुसला कर नाबालिग को भगा ले जाने एवं दुष्कर्म करने के मामले में विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट विक्रम भार्गव, छतरपुर के न्यायालय ने आरोपी को 20 वर्ष का सश्रम कारावास एवं दस हजार रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

अभियोजन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार अभियोक्त्री के पिता ने थाना महाराजपुर में उपस्थित होकर सूचना दी कि वह अपनी पत्नी के साथ दिनांक 03.07.2023 को करीब 12.00 बजे नैगुवां तरफ वाले कुआ पर चला गया था। शाम करीब 7.00 बजे घर वापस आया तो उसकी बच्ची अभियोक्त्री जो घर पर नहीं थी एवं उसका बच्चा सो रहा था। उसने बच्चे से पूछा कि अभियोक्त्री कहां गई तो वह बोला उसे पता नहीं है। उसने आसपास तलाश किया, कोई पता चला। इसके बाद उसने रिश्तेदारी में फोन लगाया तब भी कोई पता नहीं चला। उसे शक है कि उसके गांव का आरोपी उसकी बच्ची को बहला-फुसलाकर कहीं ले गया है। उसने गांव में आरोपी का पता किया जो गांव में नहीं है। फरियादी की उक्त सूचना के आधार पर थाना महाराजपुर में गुमशुदगी रिपोर्ट एवं अज्ञात संदेही के विरूद्ध अपराध धारा 363 भा.दं.सं. के अंतर्गत प्रथम सूचना रिपोर्ट लेखबद्ध की गई एवं मामला विवेचना में लिया गया। पीड़िता को दिनांक 24.08.2023 को थाना परिसर महाराजपुर में दस्तयाब किया गया दौरान विवेचना फरियादी एवं गवाहान के कथन लिये गये। पीडिता के दस्तयाब होने पीडिता का मेडीकल परीक्षण कराया गया एवं कथन लेख किये गये जिसमें उसने बताया कि आरोपी उसे बहला फुसला कर भगा ले गया था एवं उसके साथ दुष्कर्म किया। पीडिता के कथनों के आधार पर प्रकरण में धारा 363, 366,भादंवि एवं धारा 5/6 पॉक्सो एक्ट का इजाफा किया गया। प्रकरण की समस्त विवेचना पूर्ण कर अभियुक्त के विरूद्ध अभियोग-पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। अभियोजन की ओर से एडीपीओ/ विशेष लोक अभियोजक हेमंत बाजोलिया ने पैरवी करते हुये मामले के सभी सबूत एवं गबाह कोर्ट में पेश किये, विचारण उपरांत विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट श्री विक्रम भार्गव के न्यायालय ने आरोपी को भादवि की धारा 363 में 7 वर्ष का सश्रम कारावास व दो हजार रूपये अर्थदण्ड धारा 366 भादवि में 10 वर्ष का सश्रम कारावास एवं तीन हजार रूपये अर्थदण्ड तथा पॉक्सो एक्ट की धारा 5/6 में 20 वर्ष का सश्रम कारावास एवं पांच हजार रूपये अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है।

## खबर संक्षेप

### युवा ने दिव्यांग के लिए किया रक्तदान



**छतरपुर।** आपाजी ब्लड ग्रुप के रफत खान ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला अस्पताल में एक 30 वर्षीय युवक जन्म से ही हाथ पैरों से दिव्यांग है खाने पीने से लेकर जीवन की सारी प्रक्रियाओं के लिए दूसरे पर आश्रित है अस्वस्थता के चलते इलाजरत थे। रक्त की कमी थी तीन यूनिट ब्लड की आवश्यकता थी। परिजनों ने आपाजी ब्लड ग्रुप से मदद मांगी ग्रुप के प्रयास से ग्रुप की ओर से पटेल बीज भंडार के संचालक महेंद्र पटेल ने आगे आकर रक्तदान किया। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि में रक्त की कीमत समझता हूं मेरे परिवार में स्वर्गीय पिता को महीने में कई बार जब ब्लड की आवश्यकता पड़ती थी तो मुश्किल से रक्त की व्यवस्था हो पाती थी। आपाजी ब्लड ग्रुप और उसके सदस्य ऐसे असहाय लोगो की मदद के लिए हमेशा तत्पर रहेगा।

### करंट की चपेट में आकर किसान की मौत



**छतरपुर।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के ग्राम ललौनी में खेती का काम करते समय एक किसान करंट की चपेट में आ गया, जिस कारण से किसान की मौके पर मौत हो गई। शनिवार को जिला अस्पताल में मृतक का पोस्टमार्टम किए जाने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। ललौनी निवासी मनोज कुशवाहा ने बताया कि उसके परिवार का 40 वर्षीय रामू पुत्र धनीराम कुशवाहा अपने खेत में काम कर रहा था तभी, खेत के ऊपर से निकली विद्युत लाइन का एक तार टूटकर उसके ऊपर गिर गया और करंट की चपेट में आने से रामू ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। काफी देर तक जब रामू घर नहीं पहुंचा तब परिजनों ने उसकी तलाश की, जिसके बाद रामू अपने खेत में मृत अवस्था में पड़ा मिला।

### मजदूर नेता अतुल कुमार अंजान की हालत जानने पहुंचे हरिद्वार सिंह



**जमुना/कोतमा।** 19 अप्रैल को लखनऊ में गोमती नगर स्थित हास्पिटल में गम्भीर बिमारी का इलाज करा रहे भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय सचिव कामरेड अतुल कुमार अंजान को देखने के लिए भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के सह राज्य सचिव हरिद्वार सिंह अपनी पत्नी के साथ अस्पताल पहुंचे।

## बागेश्वर धाम में श्री हनुमान जन्म महोत्सव की हुई शुरुआत, तीन दिवसीय कथा कल से

### नौ कुंडीय श्री हनुमत यज्ञ कलश यात्रा के साथ प्रारंभ



**छतरपुर।** 2 दिन बाद 23 तारीख को लाखों लोगों की आस्था के केंद्र सिद्ध भूमि बागेश्वर धाम पीठ में श्री हनुमान जन्म महोत्सव का भव्य कार्यक्रम आयोजित होने जा रहा है। आयोजन के दौरान तीन दिवसीय हनुमान चालीसा पर कथा का आयोजन किया गया है। प्रख्यात कथा वाचक पं. पुण्डरीक गोस्वामी के मुखारविंद से हनुमान चालीसा पर आधारित तीन दिवसीय कथा 22 अप्रैल से प्रारम्भ हो रही है। बनारस से आए विद्वान यज्ञाचार्य राजा पाण्डेय की उपस्थिति में नौ कुण्डीय श्री हनुमत महायज्ञ का प्रारंभ कलश यात्रा के साथ हो गया। यह महायज्ञ 24 अप्रैल तक चलेगा।

बागेश्वर धाम के सेवक नीशु महाराज ने बताया कि 23 अप्रैल को बागेश्वर धाम में भव्य और दिव्य श्री हनुमान जन्मोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस मौके पर बृहद स्तर पर हनुमान चालीसा पाठ भी रखा गया है। वृंदावन के प्रख्यात कथा वाचक आचार्य पुंडरीक गोस्वामी जी के मधुर स्वर से श्री हनुमान चालीसा पर आधारित कथा रसपान करने का धर्म प्रेमियों को अवसर प्राप्त होने वाला है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी धाम में 23 अप्रैल को श्री हनुमान जन्म उत्सव के पावन अवसर पर मानस सम्मेलन आयोजित होगा। मूर्धन्य विद्वानों के माध्यम से राष्ट्रहित, जनहित, समाज हित के लिए मानस से मानव बनने के तत्वों का विश्लेषण किया जाएगा। बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री महाराज ने सभी धर्म प्रेमियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में बागेश्वर धाम पधारे और श्री हनुमान चालीसा के सामूहिक पाठ में भाग लेकर तथा तीन दिवसीय कथा श्रवण कर जीवन धन्य बनाएं। धर्म प्रेमी अपनी सोशल साइट्स के माध्यम से श्री हनुमान चालीसा के पाठ को जीवंत दिखाएं ताकि लोग उसको सुन सके और देख सके। ऐसा करने से हनुमान चालीसा की ताकत पूरे दुनिया में दिखाई देगी।

### दरोगा हप्पू सिंह और अनामिका अंबर लेंगी बालाजी का आशीर्वाद





टीवी के जाने-माने हास्य कलाकार योगेश तिवारी उर्फ हप्पू सिंह दरोगा 23 अप्रैल को बागेश्वर धाम की पावन नगरी में आ रहे हैं। वे श्री हनुमान जन्म महोत्सव के अवसर पर यहां आने वाले धर्म प्रेमियों को अपनी रसभरी बुंदेली वाणी से आनंदित करेंगे। वही प्रख्यात कवियत्री अनामिका जैन अंबर भी 23 अप्रैल को बागेश्वर धाम पधार रही है। राष्ट्र प्रेम और सनातन धर्म से ओत-प्रोत कविताओं को अनामिका जैन अंबर की ओर से प्रस्तुत किया जाएगा। श्री हनुमान जन्म महोत्सव के पावन अवसर पर जहां एक और धर्म लाभ मिलेगा वहीं दूसरी ओर हंसी और ठहाकों का भी माहौल देखने को मिलेगा।

## तीन कांग्रेसी नेताओं ने थामा भाजपा का दामन



**छतरपुर।** लोकसभा चुनाव संपन्न होने से पहले लगातार राजनैतिक दलबदल की खबरें सामने आ रही हैं। पिछले दिनों जहां जिले के एक दिग्गज कांग्रेसी नेता अपने पुत्र और समर्थकों सहित भाजपा में शामिल हुए थे वहीं एक बार फिर जिले के तीन कांग्रेसी नेताओं ने भाजपा का दामन थामा है। राजनगर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम गोमाकला के सरपंच वीरेन्द्र पटेल, कांग्रेस के जिला संगठन मंत्री दीपेन्द्र सिंह बुंदेला और कांग्रेसी नेता राकेश कुशवाहा चुनाव से पहले भाजपा में शामिल हुए हैं। बीते रोज भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष और खजुराहो लोकसभा से भाजपा के प्रत्याशी वीडी शर्मा ने उक्त तीनों कांग्रेसी नेताओं को खजुराहो में भाजपा का गमछा पहनाकर पार्टी में उनका स्वागत किया।

## पैदल जा रहे व्यक्ति को ट्रक ने कुचला, मौत



**छतरपुर।** मातगुवां थाना क्षेत्र के ग्राम खैरी में पैदल जा रहे अधेड़ को पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने कुचल दिया जिससे अधेड़ की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद युवक को एंबुलेंस से जिला अस्पताल लाया गया था, डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस की पंचनामा कार्यवाही के बाद शनिवार को शव का पोस्टमार्टम किया गया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक ग्राम बरद्वाहा निवासी रामराजा परमार ने बताया कि उसका बड़ा भाई संतोष सिंह पुत्र महूम सिंह परमार उम्र 50 साल शुक्रवार की शाम करीब 4 बजे बाजार करने के लिए मातगुवां गया था। बाजार करने के बाद शाम करीब साढ़े 5 बजे वह पैदल अपने घर जा रहा था तभी खैरी के पास पीछे से तेज रफ्तार में आ रहे एक ट्रक ने उसे कुचल दिया। घटना के बाद ट्रक चालक, वाहन सहित मौके से भाग गया। स्थानीय लोगों ने 108 एंबुलेंस की मदद से संतोष को जिला अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मातगुवां पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकर घटना कारित करने वाले ट्रक की तलाश शुरु कर दी है।

## बोलेरो-बाईक की जोरदार भिड़ंत, एक की मौके पर मौत



**चंदला।** थाना क्षेत्र अंतर्गत लवकुशनगर मार्ग पर स्थित हिरोड़ा बारी मोड़ पर एक बाईक और बोलेरो की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। भिड़ंत में बाईक सवार व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं चार लोग घायल हुए हैं। मिली जानकारी के अनुसार एक बाइक में सवार तीन लोग लवकुशनगर की ओर जा रहे थे तभी सामने से आ रही बोलेरो में जोरदार भिडंत हो गई। मृतक युवक लवकुशनगर थाना क्षेत्र के प्रकाश बम्होरी का बताया जा रहा है। पूरी घटना चंदला लवकुशनगर मार्ग पर स्थित हिरोड़ा बारी के पास की बताई जा रही है। बाइक और बोलेरो में हुई भिड़ंत के बाद बाइक में आग लग गई जिससे बाइक मौके पर ही जलकर खाक हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस और फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर तो काबू पा लिया गया मगर एक शख्स की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से चारों घायलों को लवकुशनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए भेजा है। वहीं मृतक युवक को चंदला स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया है।

## आज छतरपुर आएंगे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

### टीकमगढ़ लोकसभा प्रत्याशी के समर्थन में करेंगे रोड शो




**छतरपुर।** टीकमगढ़ लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी डॉ. वीरेन्द्र कुमार के समर्थन में रोड शो करने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज छतरपुर पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री के स्वागत और रोड शो की तैयारियों के संबंध में शनिवार को भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रभान सिंह गौतम ने जिला भाजपा कार्यालय में पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रभान सिंह गौतम ने बताया कि आज 21 अप्रैल को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव टीकमगढ़ लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी डॉ. वीरेंद्र कुमार के समर्थन में विशाल रोड शो करेंगे। शाम 4 बजे छत्रसाल चौक से रोड शो की शुरुआत होगी, जो महल तिराहा, चौक बाजार, हटवारा, बस स्टैंड पहुंचकर संपन्न होगा। जिलाध्यक्ष श्री गौतम ने पार्टी के तमाम पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से आयोजन को सफल बनाने में सहयोग करने और शामिल होने की अपील की है।

## मतदाता जागरूकता अभियान के तहत हुई निबंध एवं बाद विवाद स्पर्धा

### एमसीबीयू में स्वीप अभियान से जगा रहे मतदान की अलख



**छतरपुर।** महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड यूनिवर्सिटी में लोकसभा निर्वाचन के महापर्व को सफल बनाने हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार तथा कुलपति प्रो शुभा तिवारी एवं कुलसचिव यशवंत सिंह पटेल के मार्गदर्शन में स्वीप अभियान चलाया गया। इसके अंतर्गत शनिवार को आलेख भवन के अंग्रेजी विभाग में स्वीप कार्यक्रम-2024 के अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान संपन्न हुआ। इस अभियान में विद्यार्थियों द्वारा मतदान का महत्व विषय पर निबंध एवं वाद विवाद प्रतियोगिता के माध्यम से सहभागिता की गई। निबंध प्रतियोगिता के अंतर्गत प्रथम स्थान पर सूर्या बाजपेई, द्वितीय स्थान राधा प्रजापति एवं तृतीय स्थान पर कपूरी प्रजापति तथा आरती प्रजापति रहे। वाद विवाद प्रतियोगिता में पक्ष में प्रथम प्रांशु गुप्ता, द्वितीय स्थान राधा प्रजापति, तृतीय स्थान पर आरती प्रजापति तथा विपक्ष में प्रथम स्थान पर ओजस्वी गुप्ता, द्वितीय स्थान ओजस्व गुप्ता, तृतीय स्थान सूर्या बाजपेई रहे। कार्यक्रम का आयोजन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ.कमलेश चौरसिया, डॉ. आनंद कुमार पांडेय, डॉ.निकिता यादव, डॉ. गुरुओम मनु द्वारा किया गया। कार्यक्रम में अंग्रेजी विभाग से डॉ. दुगावती सिंह भी उपस्थित रही।

## युवक पर जानलेवा हमला करने वाले दो गिरफ्तार




**छतरपुर।** नौगांव थाना क्षेत्र के ग्राम सुकवां में तीन दिन पहले करीब आधा दर्जन लोगों एक युवक पर कुल्हाड़ी और डंडों से जानलेवा हमला कर दिया था। पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज करने के बाद पुलिस ने घटना कारित करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। नौगांव थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश सिंह ने बताया कि 17 अप्रैल को सुकवां निवासी बृजेन्द्र उपाध्याय, अंकित उपाध्याय, सानू उपाध्याय, धर्मेन्द्र उपाध्याय और संतोष उपाध्याय ने धार्मिक आयोजन के दौरान कहा-सुनी होने के बाद गांव के कालका प्रसाद उपाध्याय उम्र 45 वर्ष के ऊपर कुल्हाड़ी और डण्डों से जानलेवा हमला किया था। कालका प्रसाद की रिपोर्ट पर सभी आरोपियों के विरुद्ध नौगांव थाना में धारा 307, 323, 324, 294, 506, 34 आईपीसी केक तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया और उनकी तलाश शुरु की गई। तलाश के दौरान दो आरोपी अभय उर्फ सानू उपाध्याय उम्र 23 वर्ष और विजय उर्फ बृजेन्द्र उपाध्याय उम्र 22 वर्ष को उनके घर से गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए आरोपियों को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है। शेष आरोपियों की तलाश अभी की जा रही है।

## हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान हुई मौत




**छतरपुर।** महाराजपुर थाना क्षेत्र के एक फर्नीचर कारखाने में काम करने वाला युवक गत रोज कुएं में गिरकर बुरी तरह घायल हो गया था। उसे इलाज के लिए महाराजपुर से जिला अस्पताल रेफर किया गया जहां इलाज के दौरान शनिवार को उसकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। वहीं महाराजपुर पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकर जांच शुरु की है। महाराजपुर निवासी धर्म चौरसिया ने बताया कि कस्बे का रहने वाला सुरेंद्र पिता दुर्गा प्रसाद विश्वकर्मा उम्र 39 वर्ष लंबे समय से उसके फर्नीचर कारखाने में काम करता था। शुक्रवार की शाम करी पौने 7 बजे कारखाने के पास मौजूद कुंए के पास सुरेन्द्र फिसल गया और सूखे कुंए में गिरकर घायल हो गया। जैसे ही धर्म चौरसिया को यह जानकारी मिली, वैसे ही वह सुरेन्द्र को बाहर निकलवाकर महाराजपुर के अस्पताल ले गए। हालत गंभीर होने के कारण उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया था, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना के वक्त सुरेन्द्र के चाचा ठाकुरदास विश्वकर्मा और जीजा हरिशंकर विश्वकर्मा भी मौके पर मौजूद था। शनिवार की दोपहर करीब 1 बजे शव का पोस्टमार्टम किया गया।

## आमने-सामने आए पुराने दुश्मन, बीच बाजार में हुई फायरिंग

### तीन पर मामला दर्ज, तलाश में जुटी पुलिस



**छतरपुर।** शहर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत सटई रोड पर उस वक्त हड़कंप की स्थिति निर्मित जब दो पुराने दुश्मन आमने-सामने आ गए और इसके बाद बीच बाजार में फायरिंग हुई। पुलिस ने इस मामले में तीन के विरुद्ध मामला दर्ज किया है और उनकी तलाश अभी जारी है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक ग्राम पुछी निवासी शिवचरण पुत्र देवीदीन पटेल का छतरपुर निवासी रानू राजा से काफी पुराना विवाद चल रहा है। शुक्रवार की दोपहर शिवचरण सटई रोड पर अपनी ओमनी कार में अपने नाती आशीष पटेल के साथ बैठा हुआ था तभी बीएमडब्लयु कार से रानू राजा अपने दो अन्य साथियों के साथ वहां पहुंचा और फायरिंग शुरु कर दी। रानू राजा ने सभी फायर हवा में किए जिससे मौके पर अफरा-तफरी का माहौल निर्मित हो गया। घटना के बाद शिवचरण ने सिविल लाइन थाने जाकर घटना की शिकायत की जिस पर पुलिस ने रानू राजा सहित तीन के विरुद्ध मामला दर्ज कर, उनकी तलाश शुरु की है।

**खबर संक्षेप**

## सेक्टर मजिस्ट्रेट का प्रशिक्षण आज

**रीवा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए नियुक्त सेक्टर मजिस्ट्रेट का प्रशिक्षण 21 अप्रैल को कलेक्ट्रेट के मोहनसभागार में आयोजित किया गया है। प्रशिक्षण प्रभारी डॉ. सौरभ सोनवणे ने बताया कि प्रशिक्षण दो पालियों में आयोजित किया जाएगा। प्रथम पाली में प्रातः 10 बजे से प्रातः 11.30 बजे तक तथा द्वितीय पाली में दोपहर 12 बजे से अपरान्ह 1.30 बजे तक प्रशिक्षण आयोजित किया जायेगा। प्रथम पाली में सिरमौर, सेमरिया, त्योंथर तथा मऊगंज विधानसभा क्षेत्रों के लिए तैनात सेक्टर आफीसरों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। द्वितीय पाली में देवतालाब, मनगवां, रीवा तथा गुढ़ विधानसभा क्षेत्रों के लिए तैनात सेक्टर आफीसरों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## वैलवेदर इंटरनेशनल स्कूल प्रबंधन की जांच हेतु समिति गठित

**कटनी।** कलेक्टर अवि प्रसाद की अध्यक्षता में विगत दिनों आयोजित जिला समिति की बैठक में वैलवेदर इंटरनेशनल स्कूल कटनी के विरूद्ध शिकायत की जांच हेतु गठित समिति द्वारा प्रस्तुत प्रारंभिक जांच रिपोर्ट में शाला प्रबंधन द्वारा नियम व निर्देशों के विपरीत कृत्य करने पर शिकायत की विस्तृत व गहन जांच हेतु तीन सदस्यीय जांच समिति गठित की गई है। जांच समिति में बी ई ओ विजयराघवगढ़ आनन कोरी, सहायक संचालक शिक्षा राजेश अग्रहरि और प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पहाड़ी निवार आलोक पाठक को शामिल किया गया है। यह जांच समिति वैलवेदर इंटरनेशनल स्कूल प्रबंधन द्वारा मध्यप्रदेश निजी विद्यालय फीस तथा संबंधित विषयों का विनियमन अधिनियम एवं निर्देशों के उल्लंघन की तथ्यात्मक जांच कर 10 दिन के भीतर जिला समिति के समक्ष प्रतिवेदन प्रस्तुत करेगी।

## चेकिंग के दौरान 1 लाख 79 हजार रूपए किये जब्त

**कटनी।** पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के आदेशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डहरिया एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमति ख्याति मिश्रा के मार्गदर्शन में कुठला थाना प्रभारी अभिषेक चौबे के नेतृत्व में एसएसटी खडौला चेक पोस्ट मे लोकसभा चुनाव 2024 को दृष्टिगत रखते चैकिंग के दौरान बुलैरो वाहन से एक लाख 79 हजार 5 सौ रुपए बरामद किए गए। कार्रवाई के संबंध में जानकारी देते हुए कुठला थाना प्रभारी अभिषेक चौबे ने बताया की नाके में चेकिंग की जा रही थी इसी दौरान बोलेरो वाहन क्रमांक MP 19 TJ 429 को रोककर चैक किया गया तो बोलेरो वाहन में नगदी 1,79,500 रुपये पाए गए। आचार संहिता लगी होने से बोलेरो में बड़ी तादात में रुपये होने से रुपयो के संबंध में सतीश पिता सोखी लाल चौधरी निवासी इमलिया थाना माधवनगर ने कियोस्क बैंक संचालित करना बताया।

## हादसे में युवक की मौत

**कटनी।** एनकेजे थाना क्षेत्र के सुरकी टैंक के पास शुक्रवार दोपहर बाइक सवार एक युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल हुए युवक को 108 एंबुलेंस से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि मूल रुप से सतना निवासी सचिन मिश्रा 25 कटनी में किसी फाइनेंस कंपनी में प्राइवेट जॉब करता था। शुक्रवार दोपहर वह अपनी बाइक में सवार होकर बरही से कटनी की ओर आ रहा था। इसी दौरान सुरकी डेम के पास उसे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

## जागरूकता गतिविधियों का आयोजन आज

**कटनी।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद के निर्देश पर संसदीय क्षेत्र खजुराहो के मतदाताओं को निर्वाचन प्रकिया के दौरान अधिक से अधिक सहभागिता एवं मतदान प्रतिशत में वृद्धि व जागरूकता हेतु स्वीप गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। स्वीप गतिविधियों के तहत लोकतंत्र पर्व के तहत कटाये घाट स्थित सुरम्य पार्क में लोकतंत्र पर्व के अंतर्गत शपथ कार्यक्रम के तहत गीत, भजन, नुक्कड़ नाटक, नृत्य एवं भाषण प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

**मां की गोद में घंटों तड़पता रहा युवक, लोग बने रहे तमाशबीन, घंटो बाद पहुंची एंबुलेंस**

# तड़प तड़प के निकले मां के सामने बेटे के प्राण



**रीवा।**

जिले के चाकघाट थाना के पड़री गांव मे शुक्रवार को शाम 4 से 5 बजे के बीच मैजिक वाहन से टकराया बाइक सवार युवक गंभीर अवस्था में घायल हो गया। वही सड़क पर काफी समय तक तड़पता रहा युवक परंतु किसी ने नहीं दिया मानवता का परिचय और एंबुलेंस का करते रहे इंतजार। मिली जानकारी के अनुसार सड़क पर पशु आ जाने से मैजिक वाहन चालक ने अचानक ब्रेक लिया जिससे पीछे से आ रहा बाइक सवार युवक जो कि मैजिक वाहन के पिछले हिस्से से जोरदार जा टकराया और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटनाक्रम के दौरान बाइक में युवक की मां भी बैठी थी जिसे भी चोटे आई हैं वही आसपास के लोगों द्वारा बताया गया की चाकघाट से अपने गांव की सिंगों सोनौरी की ओर बाइक सवार जा रहे थे।

घटनाक्रम में अस्पताल में उपचार के दौरान बाइक सवार युवक की मौत हो गई है आसपास मौजूद लोगों का कहना है कि घटना स्थल पर भाजपा और कांग्रेस के दोनों वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही परंतु युवक अपनी मां के गोद में खून से लथपत तड़पता रहा और काफी समय के पश्चात जब 108 एम्बुलेंस पहुंची तो उपचार हेतु भेजा गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत्यु घोषित कर दिया। मृतक का नाम प्रवीण द्विवेदी उम्र लगभग 25-26 वर्ष पिता का नाम जवाहरलाल द्विवेदी निवासी सिंगौ सोनौरी बताया गया।

### इनका कहना है

सूचना मिलने के बाद डायल 100 मौके पर पहुंची थी। शादी विवाह के लगन होने के कारण रास्ते में विवाह घर पड़ जाने के कारण एंबुलेंस थोड़ा लेट पहुंची। बाइक सवार युवक हेलमेट नहीं पहना था जिसके कारण उसके सिर पर गंभीर चोट आ गई थी। जैसे ही एंबुलेंस पहुंची तत्काल उसको अस्पताल भेजा गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत्यु घोषित कर दिया। मर्ग कायम करके जांच की जा रही है।

**उषा सिंह सोमवंशी चाकघाट थाना प्रभारी**

## प्रचार रथ से मतदाताओं को किया जा रहा है जागरूक



रीवा। लोकसभा चुनाव में प्रत्येक मतदाता की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। आयोग के निर्देशों के अनुसार जिले के सभी आठ विधानसभा क्षेत्रों में प्रचार रथ मतदाता जागरूकता का संदेश दे रहे हैं। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में गत 21 मार्च से प्रचार रथ भ्रमण कर रहे हैं। प्रचार रथ द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के तहत बावनगढ़ ग्राम पंचायत में मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया। विधानसभा क्षेत्र के एसडीएम द्वारा निर्धारित रूटचार्ट के अनुसार प्रचार रथ 20 अप्रैल तक भ्रमण करेंगे। इनके द्वारा मतदान केन्द्रों तथा शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों में ऑडियो विजुअल माध्यम से आमजनता को मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

## प्रेक्षकों ने एमसीएमसी सेंटर का किया निरीक्षण



**रीवा।** लोकसभा चुनाव 2024 के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा रीवा संसदीय क्षेत्र में नियुक्त सामान्य प्रेक्षक संजीव कुमार, पुलिस प्रेक्षक योगेश कुमार गुप्ता तथा व्यय प्रेक्षक अखिलेन्द्र प्रताप यादव ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में बनाए गए एमसीएमसी कक्ष का निरीक्षण किया। प्रेक्षकों ने पेड न्यूज, इलेक्ट्रॉनिक तथा प्रिंट मीडिया पर जारी विज्ञापनों की निगरानी एवं पेड न्यूज की जानकारी भेजने के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने प्रिंट मीडिया तथा इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में प्रसारित होने वाले राजनीतिक विज्ञापनों के प्रमाणन के संबंध में अब तक दिए गए प्रमाणन के बारे में जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान प्रेक्षकों ने निर्देश दिए कि सोशल मीडिया में अभ्यर्थियों द्वारा किए जा रहे प्रचार पर कड़ी निगरानी रखी जाए तथा उनके द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफार्म के माध्यम से किए जा रहे प्रचार को उनके निर्वाचन व्यय में जोड़ने की कार्यवाही करें। उन्होंने एमसीएमसी सेंटर में संधारित विभिन्न रजिस्टरों का भी अवलोकन किया तथा प्रिंट मीडिया में जारी विज्ञापनों को निर्धारित दर के अनुसार व्यय में शामिल किए जाने के संबंध में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रेयस गोखले सहित नोडल अधिकारी उमेश तिवारी, सहायक नोडल अधिकारी डॉ शिवप्रसन्न शुक्ल एवं एमसीएमसी में मीडिया मॉनीटरिंग के लिए पदस्थ अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

**राहुल गांधी को न हिन्दी की समझ है, न अंग्रेजी की, हम इटली में संकल्प पत्र नहीं छपवा सकते : शिवराज सिंह चौहान**

# शिवराज ने रीवा लोकसभा भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में चुनावी जनसभा को किया संबोधित

रीवा। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मउगंज जिला मुख्यालय में रीवा लोकसभा भाजपा प्रत्याशी सांसद जनार्दन मिश्रा के पक्ष में चुनावी जनसभा को जनपद प्रांगण में सम्बोधित करते हुए कहा कि भाजपा के संकल्प पत्र को राहुल गांधी समझ नहीं पा रहे हैं, और कहते हैं कि भाजपा ने गरीबों के लिए कुछ नहीं लिखा है। मुझे लगता है कि राहुल बाबा को हिन्दी नहीं आती है तो अंग्रेजी में पढ़ लें।



हमारा संकल्प पत्र दोनों भाषाओं में साफ-साफ लिखा है कि गरीबों को पक्का मकान देंगे, निःशुल्क अनाज देंगे। आयुष्मान कार्ड देंगे, गरीबों का जीवन बदलने के लिए काम करेंगे। जो राहुल बाबा को समझ में ही नहीं आ रहा है। हम इटली की भाषा में उन्हें समझा नहीं सकते। राहुल बाबा रणछोर हो गये हैं और वायनॉड चले गए हैं। जिस सीट से इंदिरा गांधी लड़ती थी, सोनिया भी वहीं से लड़ती थी परन्तु आज रायबरेली से लड़ने की हिम्मत नहीं जुटा पाई। मेरे गरीब भाई बहनों संकल्प पत्र में हमने स्पष्ट कहा है कि जिनके पास पक्के मकान नहीं है, उन गरीबों को आने वाले 5 वर्षो में 3 करोड़ देंगे। रोटी, कपड़ा, मकान, दवाई का इंतजाम भाजपा सरकार करेंगी। मउगंज में इंडस्ट्रीयल क्षेत्र विकसित किया जा रहा है। जिससे स्वरोजगार का निर्माण होगा। जनता की सेवा सिर्फ भारतीय जनता पार्टी कर सकती है। मेरे और जनार्दन मिश्रा के लिए राजनीति धंधा नहीं है, जनता की सेवा ही भगवान की पूजा है। देश की सेवा हम कर रहे हैं। 2014 के पहले का भारत जब कांग्रेस की सरकार होती थी। तब देश का दुनिया में मान-सम्मान क्या था! यह सवाल शिवराज सिंह ने जनता से पूछा। आगे उन्होंने कहा कि पिद्दी-पिद्दी देश भी हमें डराते थे, धमकाते थे, आंख दिलाते थे। मोदी जी सरकार में आते स्पष्ट कर दिया है कि हम आगे से किसी को छेड़ेंगे नहीं, जो छेड़ेंगा तो उसे छोड़ेंगे नहीं। सर्जिकल स्ट्राइक हो या एयर स्ट्राइक। आज दुश्मन की क्या मजाल जो भारत माता की तरफ आंख उठाकर देख सके।

### मउगंजवासियों के अंतर आत्मा की आवाज सुना और पूरा किया

जब मैं मुख्यमंत्री था तब आपने जो मांगा, मैंने वो दिया। जिला बनाया। मैंने कोई एहसान नहीं किया, आपका था तो आपको अर्पित कर दिया। आपकी अंतर आत्मा की आवाज को क्रियान्वित करने का सौभाग्य हमें मिला कि आपके मउगंज को जिला बनाया। बाणसागर के पानी को रीवा और मउगंज में लाने का काम किया है। आपकी पवित्र धरती के हर खेत को सिंचित करने वाला है। पीने का पानी हो हनुमना में कॉलेज हो, विकास के वो सारे काम जिससे आपका जीवन खुशहाल वो सारे काम मैंने किया है।

### जनार्दन जी दिल्ली जाएंगे और रेल लाएंगे

हम सब अच्छी तरह से जानते हैं कि भाजपा ही वो पार्टी है जो असंभव को संभव करने का दम-खम रखती है। हमें पूरा विश्वास है कि जनार्दन जी तीसरी बार दिल्ली जाएंगे और रेल लेकर आएंगं। जनार्दन जी ने सड़कों का उल्लेख किया था, अब आप ही बताओं क्या ऐसी सड़के कांग्रेस के जमाने में थी। नहीं थी! कांग्रेस के शासनकाल में सड़कों पर जगह-जगह गड्ढे थे। जीप भी हिचकोले खाती थी। जिसमें सफर करने से शरीर हलाहल हो जाता था। शरीर की हड्डी दर्द करने लगती थी। हाथ पांव बराबर हो जाते थे, गाड़ी भी खटारा हो जाती थी, भगवान शंकर याद आने लगते थे। मन में सिर्फ एक ही सवाल आता था कि हे भगवान कब सुधरेगी ये सड़के। भाजपा की सरकार आते ही हमने पूरे प्रदेश में सड़कों को ठीक किया, तो वहीं मोदी जी के नेतृत्व में देश में जो विकास हुए हैं वह कांग्रेस ने किये क्या! कांग्रेस का विकास से नाता नहीं है। गरीबों का कल्याण क्या होता है कांग्रेसी यह भी नहीं जानते हैं। तीसरी बार जनार्दन जी को दिल्ली भेजिए, हर मतदान केन्द्र में ज्यादा वोट दिलाइये।

## प्रेक्षकों ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में बनाए गए नियंत्रण कक्ष का किया निरीक्षण



**रीवा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 को स्वतंत्र व शांतिपूर्ण संपन्न कराने के उद्देश्य से जिले में विभिन्न निगरानी दलों द्वारा लगातार मानीटरिंग की जा रही है। जिले में एसएसटी दलों द्वारा 26 नाकों में चौबीसों घण्टे जाँच का कार्य किया जा रहा है। इस जाँच कार्य की मॉनीटरिंग कलेक्ट्रेट में बनाए गए नियंत्रण कक्ष से की जा रही है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक श्री संजीव कुमार, पुलिस प्रेक्षक श्री योगेश कुमार गुप्ता तथा व्यय प्रेक्षक श्री अखिलेन्द्र प्रताप यादव ने नियंत्रण कक्ष का निरीक्षण किया तथा किए जा रहे मॉनीटरिंग कार्य के बारे में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि सभी एसएसटी दलों को तत्परता से कार्य करने के लिए निर्देशित करें तथा नियंत्रण कक्ष से लगातार मॉनीटरिंग हो। इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता नहीं होनी चाहिए। जिन दलों द्वारा जाँच में लापरवाही पाई जाए उनके विरूद्ध कार्यवाही करें तथा नियंत्रण कक्ष के प्रभारी अधिकारी इस कार्य की गंभीरता से मॉनीटरिंग करें। त्योंथर में एसएसटी दलों द्वारा जाँच कार्य में शिथिलता बरतने की बात सामने आने पर प्रेक्षकों ने अपर कलेक्टर को निर्देश दिए कि त्योंथर में लगाए गए दलों को मुस्तैदी से कार्य करने के लिए निर्देशित किया जाए तथा निर्वाचन संपन्न होने तक सभी दल पूरी तत्परता व मुस्तैदी से जाँच का कार्य करें। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी तथा उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रेयस गोखले उपस्थित रहे।

**मतदान के लिए इंजीनियरिंग कालेज में तैयार की जा रही हैं ईव्हीएम**

# प्रेक्षकों ने ईव्हीएम की कमीशनिंग कार्य का किया निरीक्षण

**रीवा !** लोकसभा निर्वाचन 2024 में रीवा संसदीय क्षेत्र में 26 अप्रैल को मतदान कराया जाएगा। मतदान प्रातः 7 बजे से शाम 6 बजे तक निर्धारित 2014 मतदान केन्द्रों में होगा। मतदान के लिए ईव्हीएम व्हीव्हीपैट मशीनें इंजीनियरिंग कालेज में बनाए गए विशेष कक्षों में तैयार की जा रही हैं। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक श्री संजीव कुमार, पुलिस प्रेक्षक श्री योगेश कुमार गुप्ता तथा व्यय प्रेक्षक श्री अखिलेन्द्र प्रताप यादव ने ईव्हीएम कमीशनिंग कार्य का निरीक्षण किया।

कमीशनिंग के लिए तकनीकी अधिकारी तथा कर्मचारियों के दल विधानसभावार तैनात किए गए हैं। प्रत्येक ईव्हीएम के बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट तथा व्हीव्हीपैट को निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार जोड़कर उनमें मॉकपोल किया जा रहा है। बैलेट यूनिट के प्रत्येक बटन से मतदान करके बटन के सुचारू कार्य करने की जाँच की जा रही है। मशीनों का भलीभांति संचालन करने के बाद बैलेट यूनिट में मतपत्र लगाकर उसकी सीलिंग की जा रही है। इसके बाद सभी तैयार मशीनें रिटर्निंग आफीसर की निगरानी में विधानसभावार बनाए गए स्ट्रांग रूम में संधारित की जा रही हैं। निरीक्षण के समय उपस्थित आयुक्त नगर निगम एवं नोडल अधिकारी सामग्री वितरण श्रीमती संस्कृति जैन ने सामग्री वितरण के लिए की गई व्यवस्थाओं की



जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सामग्री वितरण के लिए विधानसभावार अलग-अलग काउंटर बनाए गए हैं। सभी स्ट्रांग रूम तथा मतगणना केन्द्रों में सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से निगरानी की जाएगी। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रेयस गोखले, सभी रिटर्निंग आफीसर, नोडल अधिकारी ईव्हीएम आदित्य सिंह, उपस्थित रहे।

## मनगवां में एम.पी.यू.डी.सी. के तहत निर्माणाधीन वाटर सप्लाई योजना का निरीक्षण किया गया



**रीवा।** मुख्य अभियंता परियोजना प्रबंधन ईकाई नगरीय प्रशासन एवं विकास शैलेन्द्र शुक्ला द्वारा नगर परिषद मनगवॉ में एम.पी.यू.डी.सी. के तहत निर्माणाधीन वाटर सप्लाई योजना का निरीक्षण किया गया। कार्य की धीमी प्रगति पर असंतोष जाहिर करते हुए निर्देशित किया गया कि जल प्रदाय योजना मनगवॉ का वर्ष 2021 में कार्यादेश जारी किया गया था, वर्तमान में 2024 चल रहा है और परियोजना का कार्य अत्यंत धीमी गति से चल रहा है। अभी तक इन्टकवेल का निर्माण कार्य प्रारंभ ही नही किया जा सका है। तथा डब्ल्यू.टी.पी. के निर्माण की गति अत्यंत धीमी है। 200 किलो लीटर क्षमता के बाटर टैंक का निर्माण भी पूर्ण नहीं हो पाया है। मनगवॉ नगर परिषद में लगभग 5000 हाउस होल्ड को 135 ली. पानी प्रतिदिन प्रति व्यक्ति उपलब्ध कराया जाना है। अगर निर्माण कार्य इसी गति से चलता रहा तो निर्धारित समय में कार्य पूर्ण नही हो सकेगा। मुख्य अभियंता द्वारा परियोजना के ठेकेदार को फटकार लगाते हुये निर्देशित किया गया कि माइक्रों वर्क प्लान तैयार कर कार्य की गति बढ़ाऍ। पाइप गैलरी, पम्प हाउस एवं फिल्टर बेड की ड्राइंग डिजाइन भी प्रस्तुत करें। कार्य में मैन पावर एवं मशीनरी की संख्या बढ़ाऍ। जिससे कार्य समय सीमा में पूर्ण हो सके। अमृत योजना के तहत मनगवॉ नगर परिषद में वाटर वाडी योजनांतर्गत निर्माणाधीन तालाब एवं पार्क निर्माण का निरीक्षण भी मुख्य अभियंता द्वारा किया गया। उन्होंने ठेकेदार को निर्देशित किया कि पार्क निर्माण के कार्य में गति लाते हुये पाथवे निर्माण पूर्ण करायें। तालाब की डिसिल्टिंग (खुदाई) का कार्य चैन माउन्टेड मशीन से करायें तथा टोवाल पिचिंग आदि का कार्य शीघ्र पूर्ण करायें। निर्माणाधीन पार्क में घास, ग्रीनरी एवं पाथवे निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करायें। मुख्य अभियंता ने 15 जून तक तालाब का कार्य 15 दिवस के अंदर पार्क निर्माण कार्य पूर्ण कराने हेतु ठेकेदार को निर्देशित किया। निरीक्षण के समय कार्यपालन यंत्री नगरीय प्रशासन रीवा संभाग, मुख्य नगर पालिका अधिकारी मनगवॉ एवं अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहें।

## मतदान सामग्री का वितरण 25 को

**कटनी।** लोकसभा समान्य निर्वाचन अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र विजयराघवगढ़ के लिए कृषि उपज मंडी परिसर कटनी से मतदान दलों एवं सेक्टर अधिकारियों को 23 काउंटर के माध्यम से निर्वाचन सामग्री का वितरण 25 अप्रैल को तथा समग्री संग्रहण का कार्य 26 अप्रैल को किया जाना है। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती साधना परस्ते द्वारा सामग्री वितरण एवं संग्रहण की व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए 23 आउंटर हेतु 23 दल प्रभारी नियुक्त किये है। इसके साथ ही प्रत्येक काउंटर की दो टेबिलों हेतु दो- दो कर्मचारियों की डयूटी लगाई गई है। अपर कलेक्टर द्वारा जारी आदेश में संबधित लोक सेवकों को मतदान केन्द्रों की सामग्री स्टोर रूम एवं स्ट्रांग रूम से प्राप्त कर 25 अप्रैल को वितरण करनें तथा मतदान उपरांत 26 अप्रैल को मतदान दलों से सामग्री प्राप्त कर निर्धारित स्थल पर जमा करने हेतु निर्देशित किया गया है।

## श्यामशाह चिकित्सा महाविद्यालय के नए डीन ने पदभार किया ग्रहण



**एसजीएमएच और सुपर स्पेशलिटी का किया**

**रीवा ।** जिले के श्याम शाह मेडिकल कॉलेज में नए डीन के रूप में डॉ सुनील कुमार अग्रवाल ने पदस्थापना आदेश जारी होने के बाद वह शनिवार की दोपहर करीब 1 बजे श्याम शाह मेडिकल कॉलेज पहुंचे। जहां उन्होंने ने पदभार ग्रहण किया। इस दौरान मेडिकल कॉलेज के पूर्व डीन डॉ मनोज इंदूलकर मौजूद रहे। कार्यभार ग्रहण करने के बाद वह कुछ ही देर चेम्बर में रुके। इसके बाद पूर्व डीन डॉ मनोज इंदूलकर के साथ अस्पताल का निरीक्षण करने निकल पड़े। सबसे पहले वह संजय गांधी अस्पताल पहुंचे। उन्होंने एमरजेंसी मेडिसिन पहुंच कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इसके बाद आईसीयू गए। फिर मेडिसिन विभाग के थर्ड फ्लोर में एसपीडब्लू का निरीक्षण किया। संजय गांधी अस्पताल का निरीक्षण करने के बाद वह सीधे सुपर स्पेशलिटी अस्पताल गए। सुपर स्पेशलिटी अस्पताल की ओपीडी का भी अवलोकन किया। सभी वार्डों में पहुंच कर नए डीन डॉ सुनील अग्रवाल ने निरीक्षण किया। फिर यहां से सुपर स्पेशलिटी के अधीक्षक डॉ अक्षय श्रीवास्तव के चेम्बर में गए। यहां पर कर्मचारियों ने नए डीन से मुलाकात की। उनका पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। साथ ही पूर्व डीन डॉ मनोज इंदूलकर को भी पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। नए डीन मुख्य रूप से अस्पताल की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को ही पटरी पर लाना चाह रहे हैं। ज्वाइनिंग के पहले ही उन्होंने अपनी मंशा जाहिर कर दी थी। इसके अलावा श्याम शाह मेडिकल कॉलेज के पठन पाठन में भी बदलाव लाना चाहते हैं। जिससे यहां का एजुकेशन सिस्टम प्रदेश ही नहीं देश में मिशाल बन सके। नए डीन के आने से लोगों को अस्पताल और कॉलेज में काफी बदलाव की उम्मीद है।